Shivalik Bank opens its Madhav Nagar Branch

8 September 2014

सहारनपुर – 8 सितंबर । माधव नगर, केशव नगर, नुमाइश कैंप, गोपाल नगर, गढ़ी मलूक और तिलक नगर की जनता की लंबे समय से चली आरही शिकायत को दूर करते हुए शिवालिक बैंक ने आज अपनी 21वीं शाखा माधव नगर में खोल कर लोकार्पित की। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुवीर कुमार गुप्ता ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच रिबन काट कर शाखा का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए बैंक के एम डी व सीईओ सुवीर कुमार गुप्ता ने कहा कि शिवालिक बैंक में सभी प्रकार के खाते खोलने के लिये आप सभी का हार्दिक स्वागत है। उन्होंने बताया कि बैंक में बहुत कम औपचारिकता के साथ खाता खोल कर उसे आधार कार्ड से जोड़ा जा सकता है। खाते में यदि शेष कम हो तो किसी प्रकार की पेनेल्टी भी नहीं लगती है। इतना ही नहीं, बचत खाता धारकों को रुपे एटीएम-सह-डेबिट कार्ड भी मिलता है जिसके सहारे सारे देश में किसी भी एटीएम मशीन से आप अपने खाते से धन निकाल सकते हैं। इस रुपे कार्ड पर एक लाख का दुर्घटना बीमा भी उपलब्ध है।

इस अवसर पर क्लस्टर प्रमुख दिव्य सेठी ने बताया कि शिवालिक बैंक में जमाराशियों पर अन्य बैंकों की तुलना में अधिक ब्याज मिलता है साथ ही बैंक के सदस्यों की जमाराशि पर मिलने वाले ब्याज पर स्रोत पर कटौती भी नहीं की जाती है।

शाखा प्रमुख संदीप रत्रा ने उपस्थित जन – समुदाय को विश्वास दिलाया कि वह और उनकी टीम के सभी सदस्य 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिना रुके सर्वश्रेष्ठ सेवा प्रदान करने के लिये कटिबद्ध हैं। इस क्षेत्र के

निवासियों की दिक्कतों को देखते हुए शाखा में लॉकर सुविधा भी प्रदान की गई है जिसका किराया भी बहुत कम है।

इस अवसर पर बैंक के प्रधान कार्यालय से सुशान्त सिंहल, वेद प्रकाश गुप्ता, गौरव कुमार गुप्ता, अर्पित शर्मा, दिव्य सेठी, अंशु अरोड़ा के अलावा शाखा के सहायक प्रबंधक राकेश जैन व ममता शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संजय जैन, प्रतीक कच्छल, हेमन्त जोशी, दिनेश शर्मा, अरुण बल, वेद प्रकाश गर्ग आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।